न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 229 / 2021
रामोतार मीणा, निवासी ग्रा0पो0 भडौन्दा खुर्द, तहसील व जिला झुंझुनूं, पिनकोड 333024, मो0न0 9983644723

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 11.11.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 26.10.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 229 / 2021 पर दिनांक 26.10.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2020 / 3460–61 दिनांक 26.10.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं ने पत्रांक रीडर / आरटीआई / 2021 / 606 दिनांक 08.11.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी श्री रामोतार मीणा ग्राम पोस्ट भडून्दा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं द्वारा दिनांक 28.06.2021 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु भू0अ0 निरीक्षक इस्लामपुर व पटवारी हल्का भूडून्दा खुर्द को लिखा गया जिसकी सूचना प्रार्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक आर0टी0आई0 / 2021 / 266 दिनांक 06.10.2021 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) झुंझुनूं पत्रांक रीडर / आरटीआई / 2021 / 606 दिनांक 08.11.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी श्री रामोतार मीणा ग्राम पोस्ट भडून्दा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं द्वारा दिनांक 28.06.2021 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु भू0अ0 निरीक्षक इस्लामपुर व पटवारी हल्का भूडून्दा खुर्द को लिखा गया जिसकी सूचना प्रार्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक आर0टी0आई0 / 2021 / 266 दिनांक 06.10.2021 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 11.11.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं